# बिहार विधान परिषद

(202वां शीतकालीन सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

## 16 दिसंबर 2022

----

[**कृषि - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन** ].

Total Short Notice Question- 13

----

### पथ की मरम्मती

*32 **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिला मुख्यालय से सुगिया कटसरी होते हुए पूर्वी चम्पारण जिला को जोड़ने वाली सड़क, जो लगभग 30 गांव को जोड़ती है कि स्थिति काफी दयनीय एवं जर्जर अवस्था में है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पथ की मरम्मती हेतु निविदा हो चुकी है परन्तु अभी तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

### पुल का निर्माण

*33 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत तरारी प्रखण्ड में देव पुल से नारायणपुर तक सड़क एवं बनास नदी में पुल नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क एवं पुल नहीं होने के चलते स्थानीय ग्रामीण आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भोजपुर जिला अंतर्गत तरारी प्रखंड में देवपुल से नारायणपुर तक सड़क एवं बनास नदी में पुल बनाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## राशि का भुगतान

***34 श्री दिलीप कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, औरंगाबाद):**

क्या **कृषि** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि औरंगाबाद जिला वर्ष 2022 में सूखा घोषित हुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त जिला में सूखा घोषित होने के बाद किसानों को अनुदान राशि का भी वितरण किया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त जिला में अनुदान की राशि गैर किसानों को भी दी गयी है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार स्पष्ट करे कि सुखाड़ के अनुदान की राशि किस-किस प्रकार के किसानों को देनी है?

----

## पुल-पुलिया का निर्माण

***35 श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में गांवों में कई जगह सड़कें तो बन गई है, पर पुल-पुलिया का निर्माण नहीं हुआ है, जिस कारण सड़कों का समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) के तहत बनी ऐसी सड़कों का पुल-पुलिया के अभाव में उपयोग नहीं हो पाता है खासकर बरसात के दिनों में तो ऐसी सड़कें किसी काम की नहीं रह जाती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार शीघ्र ऐसी सड़कों को चिह्नित कर पुल-पुलिया निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## लाइब्रेरी भवन का पुनः निर्माण

*36 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या **भवन निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि दरभंगा मिथिला का हृदय स्थल है, यहां ज्ञान, संस्कृति एवं कला की एक महत्वपूर्ण परंपरा है;

(ख) क्या यह सही है कि दरभंगा जिले में लहेरियासराय कमला मेमोरियल लाइब्रेरी बहुत पुरानी एवं प्रसिद्ध लाइब्रेरी है, वर्तमान में इस लाइब्रेरी का भवन काफी जर्जर स्थिति में है, साथ ही इस भवन का उपयोग अन्य कार्यों हेतु भी किया जा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतलाएगी कि लाइब्रेरी का भवन पुनः निर्माण कर उसे उसका पुराना गौरव दिलाने के लिए क्या प्रयास करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क का निर्माण

*37 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सूर्यगढ़ा स्थित किउल नदी पर बने पक्का पुल के उद्घाटन के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा मोकामा भाया बड़हिया, खुटहा, पुरानीडीह, अकबरपुर चालीस होते हुए मुंगेर तक बांध सह-सड़क बनाने की घोषणा की गई थी, किन्तु आजतक उक्त घोषित आश्वासन को अमलीजामा नहीं दिया जा सका है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अपने घोषित आश्वासन के अनुरूप सड़क निर्माण का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## डोंगल को सक्रिय करने

***38 श्री तरुण कुमार (समस्तीपुर स्थानीय प्राधिकार):**

क्या **पंचायती राज** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि समस्तीपुर जिला अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायती राज के वर्तमान निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा विकास योजना क्रियान्वयन में उपयोगी डोंगल निष्क्रिय कर दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि डोंगल के निष्क्रिय रहने के कारण वर्तमान सदस्य अपने क्षेत्र के विकास कार्य को नहीं कर पा रहे हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार डोंगल को सक्रिय करने हेतु विचार रखती है?

----

## पशुपालन अधिकारियों का स्थानांतरण

***39 श्री मो. सोहैब (विधान सभा):**

क्या **पशु एवं मत्स्य संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के पशुपालन पदाधिकारी वर्षों से एक ही जिला, जैसे सीतामढ़ी एवं बेगूसराय इत्यादि में कार्यरत हैं;

(ख) क्या यह सही है कि सचिव पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की अधिसूचना सं.- 2065, दिनांक- 30.06.2017 द्वारा बहुत से पशुपालन पदाधिकारियों का स्थानान्तरण किया गया था;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्षों से एक ही जिला में विभिन्न पदों पर कार्यरत पशुपालन पदाधिकारियों को नए स्थल पर योगदान हेतु स्थानान्तरण की कार्रवाई करेगी, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## वार्ड सदस्यों को अधिकार

***40 डा. दिलीप कुमार जायसवाल (पूर्णिया, अररिया स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या **पंचायती राज** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सात निश्चय पार्ट- 2 पंद्रहवीं वित्त योजना पूर्व की सात निश्चय पार्ट- 2 योजना के तहत गली-नाली निर्माण में वार्ड क्रियान्वयन प्रबंधन समिति को अधिकार नहीं दिया गया है जिससे योजना का सही तरीके से क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त योजना को सही तरीके से क्रियान्वयन हेतु वार्ड सदस्यों को अधिकार देने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क एवं नाला का निर्माण

*41 **श्री रामईशबर महतो (विधान सभा):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखण्ड में परिहार चौक से प्रखण्ड मुख्यालय होते हुए सीसवा तक लगभग 3-4 किलोमीटर तक सड़क काफी जर्जर है;

(ख) क्या यह सही है कि परिहार चौक से प्रखण्ड मुख्यालय जाने वाली मुख्य सड़क भी कई वर्षों से जर्जर स्थिति में है और उक्त सड़क पर जलजमाव हमेशा रहता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क एवं नाला का निर्माण शीघ्र कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क का निर्माण

*42 **प्रो. गुलाम गौस (विधान सभा):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि अभी तक सीतामढ़ी जिलान्तर्गत पुपरी प्रखंड के अधवारा समूह के सूर्यपट्टी से खोदरगाढ़ा तक सड़क नहीं होने के कारण बहुत बड़ी आबादी मूलभूत सुविधाओं से कई वर्षों से वंचित है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि नहीं तो क्यों?

----

## पुल का सुगम संपर्क स्थापित

***43 श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना सिटी के शीतला मंदिर के सामने अवस्थित पुल पर चढ़ने-उतरने के लिए बनाई गई सीढ़ी का पुल से सुगम संपर्क नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि इस कारण महिलाओं, बुजुर्गों एवं सामान्य लोगों को काफी कठिनाई होती है और उन्हें चार फीट रेलिंग को पार कर उतरना होता है;

(ग) क्या यह सही है कि उपर्युक्त असुविधा के कारण दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पुल से चढ़ने और उतरने के लिए बनाई गई सीढ़ी के साथ पुल का सुगम संपर्क स्थापित करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## गली का निर्माण

***44 श्री रविन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा):**

क्या **पंचायती राज** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सात निश्चय योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री गली नाली योजना का पंचायती राज विभाग के द्वारा क्रियान्वयन किया जाता है;

(ख) क्या यह सही है कि पटना जिला के अंतर्गत मसौढ़ी अनुमंडल की नदवा पंचायत, वार्ड नं.- 9 एवं 12 की मुख्य सड़क से मुसहरी गांव तक जोड़ने वाली नली गली का अभी तक निर्माण नहीं हुआ है;

(ग) क्या यह सही है कि नली गली निर्माण न होने से बरसात में नाली का गंदा पानी भर जाता है, जिससे लोगों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गली का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----